परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 28-02-2026

- **डीआईजी बस्ती द्वारा जोनल पुलिस हैण्डबाल कलस्टर प्रतियोगिता का किया गया समापन।**
- **विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर बढाया मनोबल।**

आज दिनांक 28.02.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री संदीप मीना के साथ गोरखपुर जोन की अन्तरजनपदीय हैण्डबाल कलस्टर (हैण्डबाल व बास्केटबाल) प्रतियोगिता वर्ष- 2026 का श्री कांशीराम जी जिला स्टेडियम संतकबीरनगर में समापन किया गया।

उक्त प्रतियोगिता मे जोन के 10 जनपदो से कुल 180 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया । प्रतियोगिता के सभी मैच स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड लखनऊ के निर्देशानुसार कराये गये । सम्पूर्ण प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में विभिन्न जनपदो से आये निर्णायक मण्डल ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया । जिसमें विजयी जनपद इस प्रकार हैं- बास्केटबाल (पुरुष) प्रतियोगिता विजेता जनपद गोरखपुर , बास्केटबाल (महिला) प्रतियोगिता विजेता जनपद गोरखपुर । हैण्डबाल (पुरुष) प्रतियोगिता विजेता जनपद संतकबीरनगर , हैण्डबाल (महिला) प्रतियोगिता विजेता जनपद गोरखपुर ।

डीआईजी बस्ती द्वारा विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया व सभी खिलाड़ियो को उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभ संदेश दिया गया ।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती